भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA

महानगर दूरसंचार भवन, जे.एल.एन. मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड,),

जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली-110002

संख्याः 1-14/2023-प्रशासन एवं कार्मिक — दिनांकः 07 फरवरी, 2024

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालय / विभाग,

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सांविधिक एवं स्वायत्त निकाय

(संलग्न सूची के अनुसारः ई-मेल द्वारा)

विषयः प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर सचिव, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के पद को भरने के संबंध में।

महोदय,

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, भादूविप्रा अधिनियम, 1997 के तहत संसद के द्वारा स्थापित एक सांविधिक निकाय है। भादूविप्रा की स्थापना दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने और दूरसंचार क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने, दूरसंचार क्षेत्र के उचित एवं व्यवस्थित विकास को बढ़ावा देने तथा सुनिश्चित करने और इनसे संबंधित प्रासंगिक मामलों के लिए की गई है। वर्ष 2004 से, भादूविप्रा को प्रसारण एवं केबल सेवाओं के विनियमन से जुड़े कार्य का अधिकार भी सौंपा गया है।

2. भादूविप्रा प्रारंभ में दो वर्षों के लिए **भादूविप्रा (मुख्यालय), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर सचिव, भादूविप्रा** के पद को भरने हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है। पद के लिए योग्यता एवं अनुभव आदि के विवरण नीचे दिये गये हैः-

पद का नाम	**सचिव, भादूविप्रा**
पे-लेवल / वेतनमान	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल 15 *(संशोधन पूर्वः एच.ए.जी. रुपये 67000 - वार्षिक वेतन वृद्धिः 3 प्रतिशत -रुपये 79000)* एवं सरकारी नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता, आवास किराया भत्ता और अन्य भत्ते इत्यादि ।
योग्यता / अनुभव	केन्द्रीय सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और सांविधिक एवं स्वायत निकाय के अधिकारीः **(क) जो नियमित रूप से लेवल-15 में समकक्ष पद पर कार्यरत हैं अथवा** **(ख) जिनको लेवल-15 में नॉन-फाइनेंशियल अपग्रेडेशन स्वीकृत किया गया है एवं जिन्होंने पे-लेवल 14 में चार वर्ष की नियमित सेवा की है।** निम्नलिखित में से किसी एक या इनमें से किसी एक का संयोजन रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी:- (i) वरिष्ठ प्रबंधकीय पद; (ii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से दूरसंचार इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री या समकक्ष; (iii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री या समकक्ष; (iv) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमबीए डिग्री या समकक्ष; (v) अर्थशास्त्र/वाणिज्य में मास्टर डिग्री या अर्थशास्त्र/वाणिज्य में डॉक्टरेट डिग्री।

संख्याः 1-14/2023-प्रशासन एवं कार्मिक **दिनांकः 07 फरवरी, 2024**

3. यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तो के आधार पर की जायेगी और यह कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्थापना (पे-II) दिनांक 17 जून, 2010 और इसमें समय-समय पर किये गये संशोधन के अधीन होंगी। **प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु भादूविप्रा में आवेदन करने की अन्तिम तिथि पर आवेदक की आयु किसी भी तरह 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

4. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और संबंधित अनुभव आदि रखने वाले आवेदक केवल **URL: https://vacancies.trai.gov.in** पर **ऑनलाइन** माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

5. सभी मंत्रालयों / विभागों, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सांविधिक एवं स्वायत्त निकायों से पात्र उम्मीदवारों, जिनकी सेवाएं, उनके चयन के मामले में तुरंत प्राधिकरण के अधीन शामिल की जा सकती हैं; की प्रमाणित आवेदन-पत्र की हार्ड-कॉपी *(जो कि https://vacancies.trai.gov.in से डाउनलोड़ की गई हो)* एवं आवेदक के पिछली पाँच वर्षो की ए.सी.आर. / ए.पी.ए.आर. की सत्यापित प्रतिलिपियों और सतर्कता / अनुशासनिक क्लीयरेंस सहित प्रेषित करने का आग्रह किया जाता है। आवेदक द्वारा लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखकर **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरु मार्ग (पुराना मिंटो रोड), जाकिर हुसैन कॉलेज के पास, नई दिल्ली-110002** को **दिनांक 18 मार्च, 2024** तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

6. यदि उपरोक्त हिंदी संस्करण में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो इस मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

भवदीय,

(विनय कुमार गोयल)
उप सलाहकार (मा.सं.)
दूरभाषः 011-23664-189

प्रतिलिपिः-

1. विशेष कार्याधिकारी, अध्यक्ष, भादूविप्रा का कार्यालय
2. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सदस्य, भादूविप्रा का कार्यालय
3. वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव, सचिव, भादूविप्रा का कार्यालय
4. सभी प्रधान सलाहकार / सलाहकार (मुख्यालय) एवं क्षेत्रीय कार्यालय, भादूविप्रा
5. संयुक्त सलाहकार (आई.टी.) - कृपया इसे भादूविप्रा की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. निदेशक (सी.एस. प्रभाग), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, लोकनायक भवन, नई दिल्ली - कृपया इसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. उप महाप्रबंधक (रोजगार), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली- 110001 - कृपया इसे नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. नोटिस बोर्ड